कोलकाता, मंगलवार
21.01.2020
माघ कृष्ण 12 संवत 2076
पृष्ठ 12, मूल्य : ₹ 5
शिलांचल संस्करण
वर्ष : 21, अंक : 21
रजिस्ट्रेशन : WBHIN/2000/2711

अखबार नहीं आंदोलन
# प्रभात खबर

स्पोर्ट्स
वनडे रैंकिंग में कोहली-बुमराह शीर्ष पर ... 10



prabhatkhabar.com
कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । सिलीगुड़ी । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित

## आसनसोल प्रभात

आज का पंचांग
तिथि- द्वादशी तिथि रात्रि 2.22 तक उपरांत त्रयोदशी तिथि , नक्षत्र- ज्येष्ठा ( रात्रि 12.37 तक), पक्ष- कृष्ण, मास- माघ, विक्रम संवत- 2076. शक संवत- 1941.
हिजरी तारीख- 25, दिन- मंगल, महीना- जमादि-उल-अव्वल, वर्ष- 1441.
बांग्ला- तारीख- 6, दिन- मंगलवार, मास- माघ, बंगाब्द- 1426.
- डॉ एनके बेरा

आज अस्त 05:20 बजे संध्या
कल उदय 06:26 बजे प्रातः

प्रभात खबर
कोलकाता, मंगलवार
21.01.2020


# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में 'वार्षिक खेल-दिवस' का आयोजन

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में सोमवार को विद्यालय स्तर पर एक दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कॉमनवेल्थ गेम्स में पांच रजत पदक प्राप्त, 'टीम इण्डिया पावर लिफ्टिंग' के पूर्व कप्तान कौस्तभ घोष ने किया. विद्यालय प्राचार्य आर.डी. शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति-चिह्न प्रदान कर मुख्य अतिथि एवं प्रबन्ध न्यासी प्रतीक गोयन का स्वागत किया. तत्पश्चात् स्वागत गान के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ. मुख्य अतिथि श्री घोष ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन के साथ-साथ मानसिक व शारीरिक विकास होता है. खेलों के परिणाम स्वरूप ही भारत ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है. पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी एक छात्र के जीवन में विशेष महत्त्व होता है. खेलकूद जीवन से तनाव को दूर कर मस्तिष्क के लिए ज्ञानार्जन हेतु एक दिशा प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षा जगत से सम्बन्ध रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वे बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करें.



अंतर्सदन परेड प्रतियोगिता में गंगा और झेलम सदन प्रथम, यमुना द्वितीय तथा रावी सदन तृतीय स्थान पर रहा. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नन्हें-मुन्नों की ड्रिल और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति के सन्देश को अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया. दौड़ प्रतियोगिताओं में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के लिए बैग पैकिंग दौड़, बकेट एण्ड बॉल दौड़ व मास्क दौड़ कराई गई. मध्यम वर्ग में 100 मीटर , 200 मीटर, 400 मीटर, थ्री लैग्ड तथा रस्सा कूद दौड़ में भाग लिया. वरिष्ठ वर्ग के लिए भी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. अंतर्सदन 4x100 रिले रेस में गंगा सदन ने बाजी मारी, रावी तथा झेलम सदन क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे. सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के रूप में सिद्धार्थ एन चंद्रा तथा अदिति व्यास को चुना गया गया. प्राचार्य आर.डी.शर्मा ने खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए खेलों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्ति हेतु अनिवार्य बताया क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है. कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका व समन्वयिका सुश्री दीप्ति घोष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन की परम्परा का निर्वहन किया गया. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया.